# ब्रैम्पटन विंटर वंडरलैंड की प्रोग्रामिंग और सहूलियतों संबंधी अपडेट

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (18 दिसम्बर, 2020) – यदि मौसम ठीक रहा, तो सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, 2 जनवरी, 2021 को, माउंट चिंगकूज़ी (Mount Chinguacousy) और क्रॉस-कंट्री स्कीइंग और स्नोशू ट्रेल्स खोलेगी।

इस वर्ष, सिटी, फ्लावर सिटी कम्युनिटी कैम्पस (Flower City Community Campus), वैलीब्रूक पार्क (Valleybrook Park) (सिंथेटिक आइस पायलट), मोरिस केर्बल पार्क (Morris Kerbel Park) और अर्नसक्लिफ पार्क (Earnscliffe Park) में, चार नए आउटडोर रिंक्स के लिए रजिस्ट्रेशन, 21 दिसम्बर वाले सप्ताह में शुरू होगी।

पॉप-अप प्रोग्रामिंग, वॉकिंग पाथ और आउटडोर रन क्लब की तारीखें अब, www.brampton.ca/recreation पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

**माउंट चिंगकूज़ी**

स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और ट्यूबिंग

माउंट चिंगकूज़ी, स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और ट्यूबिंग के लिए ब्रैम्पटन की जगह है। यह चिंगकूज़ी पार्क (Chinguacousy Park) में स्थित है। यदि मौसम ठीक रहा, तो यह 2021 के सीजन के लिए 2 जनवरी को खुलेगा।

प्रति विजिट भुगतान वाली स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और ट्यूबिंग, रिजर्वेशन द्वारा उपलब्ध होगी। शारीरिक दूरी को सुनिश्चित करने के लिए, सीमित संख्या लागू की गई है। कृपया ध्यान दें कि इस समय, स्की और स्नोबोर्डिंग उपकरण, किराए पर लेने के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

संचालन के घंटों, खुले या बंद होने संबंधी स्थिति और रिजर्वेशन्स विवरणों सहित, पूरी जानकारी के लिए, www.brampton.ca/mountching पर जाएं।

क्रॉस-कंट्री स्कीइंग और स्नोशूइंग ट्रेल्स

यदि मौसम ठीक रहा, तो नई क्रॉस-कंट्री स्कीइंग और स्नोशूइंग ट्रेल्स, जनवरी में चिंगकूज़ी पार्क में उपयोग के लिए उपलब्ध होंगी। ट्रेल्स तक, सैंड्रा हेम्स सेंटर (Sandra Hames Centre) के पार्किंग लॉट (ब्रैमली (Bramalea) और गुडवुड (Goodwood) प्रवेश-द्वार) से पहुंचा जा सकता है और यह, नियमित पार्क के संचालन घंटों के दौरान, निवासियों द्वारा स्वतंत्र उपयोग के लिए तैयार हैं। कृपया पोस्ट किए साइन बोर्डों की गाइडलाइंस का पालन करें और सुरक्षित दूरी कायम रखें।

ट्रेल्स की देखभाल, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के स्टाफ द्वारा की जा रही है और ये बेहद मौसम के कारण बंद हो सकती हैं। कृपया ध्यान दें कि इस समय उपकरण, किराए पर लेने के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

संचालन के घंटों, ट्रेल के खुले या बंद होने संबंधी स्थिति और रिजर्वेशन्स विवरणों सहित, जानकारी के लिए, www.brampton.ca/winterwonderland पर जाएं।

मौसम संबंधी चेतावनियां और बंद होने के बारे में जानकारी

हिल और ट्रेल्स, बेहद खराब मौसम के कारण बंद हो सकते हैं, मामूली और नमी वाली स्थितियों या बेहद ठंड सहित (20 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान)। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे आने से पहले ऑनलाइन, स्थिति संबंधी अपडेट देख लें।

**चार अतिरिक्त आउटडोर स्केटिंग रिंक**

इस सीजन, सिटी, चार नए आउटडोर स्केटिंग रिंक स्थापित कर रही है। ये रिंक, फ्लावर सिटी कम्युनिटी कैम्पस, वैलीब्रूक पार्क (सिंथेटिक आइस पायलट), मोरिस केर्बल पार्क और अर्नसक्लिफ पार्क में स्थित हैं।

असल में इसे 18 दिसम्बर को खोला जाना था, लेकिन हाल ही के गर्म तापमान के कारण, रिंक्स में पानी डालकर उसे फ्रीज़ करने के लिए, अतिरिक्त समय देना जरूरी हो गया था।

गोर मेडोज कवर्ड आउटडोर स्केटिंग रिंक (Gore Meadows Covered Outdoor Skating Rink), चिंगकूजी पार्क स्केट रेक्रिएशनल ट्रेल (Chinguacousy Park Skate Recreational Trail), गेज पार्क आउटडोर स्केटिंग रेक्रिएशनल ट्रेल (Gage Park Outdoor Skating Recreational Trail) और माउंट प्लैजेंट आउटडोर स्केटिंग रिंक (Mount Pleasant Outdoor Skating Rink), 10 दिसम्बर को खुल गए थे।

संचालन के घंटों, रिंक की स्थिति और रिजर्वेशन्स विवरणों सहित, पूरी जानकारी के लिए, www.brampton.ca/outdoorskating पर जाएं।

**वॉकिंग पाथ, आउटडोर रन क्लब और पॉप-अप प्रोग्रामिंग**

ब्रैम्पटन रेक्रिएशन (Brampton Recreation) का स्टाफ, 19 दिसम्बर को शुरू करते हुए, वॉकिंग पाथ (Walking Path) और आउटडोर रन क्लब (Outdoor Run Club) प्रोग्राम पेश करेगा। निवासी, सर्दी के महीनों के दौरान, शारीरिक दूरी कायम रखते हुए, इन खुली-हवा वाली गतिविधियों का आनंद ले सकते हैं।

वॉकिंग पाथ प्रोग्राम, हर उम्र के लोगों के लिए तैयार किया गया है। यह सर्वोत्तम परिवार-अनुकूलित गतिविधि है। निवासी, सर्दी के पूरे सीजन में, अलग-अलग तारीखों को थीम वाली सैर में शामिल होकर, ब्रैम्पटन के शानदार पार्क और सैर करने वाले रास्ते देख सकते हैं। बच्चों के साथ माता-पिता या सरप्रस्त का होना जरूरी है।

निवासी, आउटडोर रन क्लब के लिए रजिस्टर करके, बाहर जाकर क्रियाशील रह सकते हैं। यह प्रोग्राम, सभी गतिविधि स्तरों के लिए उचित है, स्पोर्ट में नए शामिल लोगों सहित।

प्रोग्राम की तारीखों, समय, जगहों और रजिस्ट्रेशन संबंधी जानकारी, www.brampton.ca/winterwonderland पर देखी जा सकती है।

पॉप-अप प्रोग्रामिंग

परिवार को एकत्र करें और इस सर्दी पूरे परिवार के लिए पेश किए जा रहे पॉप-अप प्रोग्रामों में शामिल हों, जिनमें शामिल हैं, फोर्ट बिल्डिंग (Fort Building) और स्नो आर्ट (Snow Art)।

पॉप-अप प्रोग्रामों की घोषणा, दो दिन पहले ऑनलाइन और सिटी ऑफ ब्रैम्पटन के सोशल मीडिया चैनलों पर की जाएगी।

पॉप-अप रजिस्ट्रेशन संबंधी विवरणों और जगहें, www.brampton.ca/winterwonderland पर देखें।

**स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी उपाय और अपनी विजिट की बुकिंग करना**

समुदाय का स्वास्थ्य और सुरक्षा, सिटी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, विशेषकर कोविड-19 (COVID-19) के दौरान। पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) की सलाह के अनुसार, सर्दी की प्रोग्रामिंग के लिए और सभी रिंक्स में और माउंट चिंगकूज़ी में जाने के लिए, रिजर्वेशन सिस्टम स्थापित किया गया है। ऐसा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि कैपेसिटी शर्तों का पालन किया जा रहा है और जहां जरूरी हो, संपर्क ट्रेसिंग संभव है।

आउटडोर स्केटिंग

आउटडोर स्केटिंग के लिए रिजर्वेशन्स, 36 घंटे तक एडवांस में कराई जा सकती हैं। निवासी निम्नलिखित तरीकों से अपनी जगह सुरक्षित कर सकते हैं:

- cityofbrampton.perfectmind.com पर ऑनलाइन रजिस्टर करके
- 905.791.2240 पर हमारी बुकिंग लाइन को फोन करके
- सिटी की सीमाओं के अंदर से सर्विस ब्रैम्पटन (Service Brampton) को 311 पर फोन करके

सभी रिजर्वेशन्स, एक घंटे की अवधि तक सीमित हैं। रिजर्वेशन्स, माता-पिता, अभिभावकों या ऐसे अन्य लोगों सहित सभी रक्षकों के लिए जरूरी हैं, जिनके साथ स्केटिंग करने वाले आए हों। निवासियों से अनुरोध है कि वे, ऑनसाइट स्वागती टेंट पर स्टाफ के साथ चेक इन करें। यदि आपको अपनी रिजर्वेशन्स रद्द करने की आवश्यकता है, तो 905.791.2240 पर फोन करें।

वॉशरूम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वाशरूम्स की लाइनों में और अंदर मास्क जरूरी हैं। रिंक्स में खानपान संबंधी वस्तुएं ले जाने की अनुमति नहीं हैं।

माउंट चिंगकूज़ी

माउंट चिंगकूज़ी के लिए रिजर्वेशन्स, 48 घंटे तक एडवांस में कराई जा सकती हैं। निवासी निम्नलिखित तरीकों से अपनी जगह सुरक्षित कर सकते हैं:

- cityofbrampton.perfectmind.com पर ऑनलाइन रजिस्टर करके
- 905.458.6555 पर हमारी बुकिंग लाइन को फोन करके
- सिटी की सीमाओं के अंदर से सर्विस ब्रैम्पटन को 311 पर फोन करके

निवासियों से अनुरोध है कि वे, स्की हिल पर पहुंचकर स्टाफ के साथ चेक इन करें। यदि आपको अपनी रिजर्वेशन्स रद्द करने की आवश्यकता है, तो 905.458.6555 पर फोन करें। वॉशरूम सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वाशरूम्स की लाइनों में और अंदर मास्क जरूरी हैं।

आउटडोर प्रोग्रामिंग

वॉकिंग पाथ्स, आउटडोर रन क्लब और पॉप-अप प्रोग्रामिंग के लिए रिजर्वेशन्स, 48 घंटे तक एडवांस में कराई जा सकती हैं। निवासी निम्नलिखित तरीकों से अपनी जगह सुरक्षित कर सकते हैं:

- cityofbrampton.perfectmind.com पर ऑनलाइन रजिस्टर करके
- सिटी की सीमाओं के अंदर से सर्विस ब्रैम्पटन को 311 पर फोन करके

निवासियों से अनुरोध है कि वे, प्रोग्राम वाली जगह पर पहुंचकर स्टाफ के साथ चेक इन करें।

मौसम संबंधी नोटिस और बंद होने के बारे में जानकारी

आउटडोर सहूलियतें और प्रोग्रामिंग, मौसम संबंधी स्थितियों के कारण बंद हो सकती हैं। कृपया यह पुष्टि करने के लिए, अपनी विजिट से पहले ऑनलाइन चेक करें कि, आउटडोर रिंक्स और माउंट चिंगकूज़ी खुले हैं या बंद हैं।

-30-

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca